पौधारोपण

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में इको क्लब द्वारा 21.07.2023, शुक्रवार को पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० पूनम मोर के द्वारा की गई। महाविद्यालय के प्रांगण में नीम और शीशम के आठ-आठ छायादार पौधे लगाए गए। प्राचार्या महोदया ने कहा कि पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ ऑक्सीजन का भी स्रोत होते हैं, अतः हम सब को कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी के श्री राजकुमार सिंगला, श्री ललित भल्ला, कैप्टेन वी.के. पूनिया के साथ-साथ श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती अंजलि, भूतपूर्व इको क्लब इंचार्ज डॉ० सीमा दलाल, ईको क्लब इंचार्ज श्रीमति नीलम, इको क्लब की सदस्या डॉ० नीलम और श्रीमती आरती सैनी, श्री जसबीर काजल, संजू व राकेश आदि मौजूद रहे।

पौधे वातावरण शुद्ध करने के साथ-साथ होते आक्सीजन का स्त्रोत

हिंदू कन्या कालेज में पौधारोपण करते स्टाफ के सदस्य। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, जींद : हिंदू कन्या महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्रांगण में नीम और शीशम के आठ-आठ छायादार पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या ने कहा कि पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ आक्सीजन का भी स्त्रोत होते हैं। इसलिए हम सब को कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी लाभान्वित हो सके। इसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी से राजकुमार सिंगला, ललित भल्ला, कैप्टन बीके पूनिया, रेखा सैनी, अंजलि, डा. सीमा दलाल, नीलम, आरती सैनी, जसबीर काजल, संजू व राकेश भी उपस्थित रहे।

तीन गांवों में लगाई गई त्रिवेणी

संवाद सूत्र, उचाना : सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा उचाना कलां प्रधान सूरजमल श्योकंद की अगुवाई में खाप के गांवों में पौधरोपण अभियान चलाया हुआ है।

यह अभियान 23 जुलाई तक चलेगा। सूरजमल श्योकंद ने बताया कि खेड़ी मंसानिया, डोहाना खेड़ा, बड़नपुर में त्रिवेणी लगाई गई। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी अलग-अलग लगती हैं, लेकिन जब यह पेड़ बनते हैं तो एक साथ नजर आते हैं। समाज में सभी को एक साथ रहना चाहिए।

त्रिवेणी आपस में रहने का संदेश देती है। इस मौके पर जोगीराम श्योकंद, संजय श्योकंद, गेजी श्योकंद, सोहलूराम, राममेहर, रामचंद्र, राजा, बलराज, जयबीर, विक्रम, जोगिंद्र, जगपाल मौजूद रहे।

खेड़ी मंसानिया में पौधारोपण करते हुए दाड़न खाप के पदाधिकारी। • सौ. खाप